पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ईद मिलन समारोह में शिरकत की
गीता, कुरान, बाईबिल के संदेश का सार एक है - राज्यपाल

लखनऊः 9 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज गांधी भवन सभागार में मुस्लिम राष्ट्रीय मंच अवध प्रान्त द्वारा आयोजित ईद मिलन समारोह में शिरकत करके सभी को ईद की हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता श्री इन्द्रेश कुमार, संयोजक श्री रईस खाँ, ईद मनाने विशेष रूप से भारत आयी बांग्लादेश के पूर्व राष्ट्रपति जनरल इरशाद की पुत्री सुश्री ओननाना हुसैन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

राज्यपाल ने कहा कि रमजान के महीने में रोजा रखने से मन को पाक करने, संयम रखने तथा दूसरों का दर्द समझने का संदेश मिलता है। मोहम्मद साहब ने इंसानियत का पैगाम देते हुए कहा था कि यह पड़ोसी की जिम्मेदारी है कि उसका पड़ोसी भूखा न रहे। पड़ोसियों के दुःख-दर्द को अपना समझना चाहिए। यह विचार देश की तस्वीर बदल सकता है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्यार और भाईचारे का संदेश पहुँचाने की जरूरत है।

श्री नाईक ने कहा कि गीता, कुरान और बाईबिल के संदेश का सार एक है। भारत ने 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के माध्यम से पूरे विश्व को एक परिवार होने का परिचय दिया है। पड़ोसी देश बांग्लादेश में हुए आतंकी हमले से सभी दुःखी हैं। देश के लिए हमें खुशहाली के बीज बोना है। उन्होंने कहा कि आपसी प्रेम और सौहार्द से काम करें तभी आतंकवाद समाप्त होगा।

मुख्य वक्ता श्री इन्द्रेश कुमार ने कहा कि मजहब के नाम पर लोग आपस में लड़ते हैं। मन के मैल को साफ करके समाज खूबसूरत बन सकता है। दूसरे मजहब की आलोचना नहीं सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज सबसे ज्यादा जरूरत प्यार, मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाकर नफरत मुक्त समाज के निर्माण की है।

कार्यक्रम में अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

अंजुम/ललित/राजभवन (238/08)

ईद मिलन समारोह
अवध प्रांत, उत्तर प्रदेश
मुख्य अतिथि – श्री
जी माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
मुख्य वक्ता – श्री
जी, मार्ग दर्शक मुस्लिम राष्ट्रीय मंच
9 जुलाई 2016
भवन लखनऊ

मिलन
द्वारा
राष्ट्रीय मंच, अवध प्रांत,
श्री राम नाईक जी
वक्ता – श्री इन्द्रेश कुमार जी,
दिनांक – 9 जुलाई 2016